भारत सरकार / Government of India
परमाणु ऊर्जा विभाग / Department of Atomic Energy
परिवर्ती ऊर्जा साइक्लोट्रॉन केन्द्र / Variable Energy Cyclotron Centre

1/ए.एफ.बिधाननगर/1/AF, Bidhan Nagar,
कोलकाता/Kolkata– 700064

विज्ञापन संख्या/ADVERTISEMENT NO. VECC-1/ 2026
(कुल पदों की संख्या- 02 / Total no of posts – 02)

वीईसीसी, कोलकाता में ड्राइविंग ड्यूटी करने हेतु परमाणु ऊर्जा विभाग एवं उसकी संघटक इकाइयों से अधिवर्षिता पर सेवानिवृत्त हुए ड्राइवरों की पुनः-नियोजन (परमाणु ऊर्जा विभाग के केवल ड्राइवर संवर्ग से अधिवर्षिता पर सेवानिवृत्त हुए कर्मचारी ही आवेदन के पात्र हैं)।
Re-engagement of retired Drivers, who has retired on Superannuation from Department of Atomic Energy or its Constituent Units of DAE for performing Driving duties in VECC, Kolkata (Only employees retired on superannuation from Drivers Cadre of DAE are eligible to apply).

2.वीईसीसी, कोलकाता में ड्राइविंग ड्यूटी करने हेतु परमाणु ऊर्जा विभाग और उसकी संघटक इकाइयों से अधिवर्षिता पर सेवानिवृत्त हुए ड्राइवर संवर्ग के कर्मचारियों से ड्राइवर के कार्यक्षेत्र (अनुलग्नक-I) में दर्शाए गए कार्य के अनुसार आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।
Applications are invited from Driver Cadre Personnel retired on superannuation from DAE and its Constituent Units for performing Driving duties in VECC, Kolkata as indicated in the Scope of Work of Driver (Annexure-I).

3. ड्राइवर संवर्ग के सेवानिवृत्त कार्मिक जो संलग्न 'कार्यक्षेत्र' में दर्शाए गए कार्य करने के इच्छुक हैं, वे निर्धारित प्रारूप (अनुलग्नक-II) में अपना आवेदन, अपनी अद्यतन पासपोर्ट आकार की फ़ोटो के साथ, पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) की एक प्रति संलग्न करके प्रस्तुत कर सकते हैं।
Retired personnel of Driver Cadre who are willing to perform the work indicated in the enclosed "Scope of Work" can submit their applications in the prescribed format (Annexure-II) along with their recent passport sized photograph duly affixed and enclosing a copy of the Pension Payment Order (PPO).

4. प्राप्त आवेदनों की सक्षम प्राधिकारी द्वारा जाँच की जाएगी एवं चयनित उम्मीदवारों को उनके पुनः -नियोजन के संबंध में सूचित किया जाएगा।
The applications received will be scrutinized by the Competent Authority and the selected candidates will be communicated regarding their re-engagement.

**<u>पात्रता / Eligibility:</u>**

5.1 आवेदक परमाणु ऊर्जा विभाग एवं उसकी संघटक इकाइयों के ड्राइवर संवर्ग से सेवानिवृत्ति पर होना चाहिए और उसकी आयु 65 (पैंसठ) वर्ष से कम होनी चाहिए। जो लोग दिनांक **31.05.2026** को अधिवर्षिता पर सेवानिवृत्त हो रहे हैं, वे भी आवेदन करने के पात्र हैं।
Applicant should have retired on superannuation from Driver Cadre of DAE or its Constituent Units and should be below the age of 65 (sixty five) years. **Those who are retiring on superannuation on 31.05.2026 are also eligible to apply.**

Contd..P/2

5.2 जिन आवेदकों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही या आपराधिक मामले विचाराधीन हैं या जिन्हें पिछले 10 वर्षों के दौरान कदाचार के लिए दंडित किया गया है, वे इस पद हेतु विचार के पात्र नहीं होंगे। इसके अतिरिक्त, जिन आवेदकों के विरुद्ध कोई प्राथमिकी दर्ज है या किसी न्यायालय में कोई मामला दर्ज है, वे भी विचार के पात्र नहीं होंगे।
Applicants against whom departmental proceedings or criminal cases are pending or who have been penalized for misconduct during the preceding 10 years will not be eligible for consideration. Further applicants against whom any FIR is lodged or any case is registered in any Court of Law will also not be eligible for consideration.

5.3 आवेदक के पास सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी लाइट मोटर व्हीकल (एलएमवी) और हैवी मोटर व्हीकल (एचएमवी) दोनों के लिए वैध ड्राइविंग लाइसेंस होना चाहिए। यह लाइसेंस पुनः-नियोजन की पूरी अवधि के दौरान वैध होना चाहिए। मोटर व्हीकल (एलएमवी) और हैवी मोटर व्हीकल (एचएमवी) दोनों के ड्राइविंग के लिए वैध लाइसेंस की स्व-सत्यापित प्रति आवेदनपत्र के साथ संलग्न की जानी चाहिए, अन्यथा आवेदक के पुनः-नियोजन पर विचार नहीं किया जाएगा।
Applicant should possess a valid driving licence for both Light Motor Vehicle (LMV) and Heavy Motor Vehicle (HMV) issued by the Competent Authority. Licence should be valid throughout the currency of re-engagement. A self-attested copy of Licence valid for driving both LMV and HMV should be enclosed with the application, failing which the applicant will not be considered for re-engagement.

5.4 आवेदक को ड्राइवर के कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ होना चाहिए और नियोजन के समय उसे उपयुक्त सरकारी प्राधिकारी से चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। इसके अतिरिक्त, विभाग के विवेकानुसार, कार्यकाल के दौरान समय-समय पर चिकित्सा जाँच की जाएगी और यदि यह पाया जाता है कि पुनः नियोजन पर ड्राइवर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में असमर्थ है, तो उनके पुनः-नियोजन को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया जाएगा।
Applicant should be medically fit to perform the duties of the driver and is required to submit Medical Fitness Certificate from the appropriate government authority at the time of engagement. Further, periodic medical check-ups during the tenure will be carried out at the discretion of the Department and in case, it is found that the re-engaged Driver is unfit to perform the duties of the Driver, his re-engagement shall be terminated with immediate effect.

5.5 इस नियुक्ति की अवधि सामान्यतः एक वर्ष से अधिक नहीं होगी। यदि आवश्यक हो, तो परमाणु ऊर्जा विभाग के पूर्व अनुमोदन से रिक्तियों की उपलब्धता के अधीन इसे एक अतिरिक्त वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है। पुनः-नियोजन में लगाए गए व्यक्ति के कार्य और कार्यनिष्पादन की समीक्षा के उपरांत आगे विस्तार दिया जा सकता है, बशर्ते कि अधिवर्षिता के बाद इसे 5 वर्ष से अधिक न बढ़ाया जाए।
The term of appointment shall ordinarily be for an initial period not exceeding one year. If required, it may be extendable by another one year subject to availability of vacancies with the prior approval of DAE. Further extension may be granted based on a review of the task and the performance of the re-engaged appointee, provided it shall not be extended beyond 5 years after superannuation.

5.6 पुनः -नियोजन पूर्णतः अनुबंध के आधार पर होगी। वीईसीसी द्वारा बिना कोई कारण बताए किसी भी समय पुनः -नियोजन को समाप्त किया जा सकता है।
The re-engagement shall be purely on contract basis. Re-engagement can be terminated at any time by VECC without assigning any reason.

Contd..P/3

**परिलब्धियाँ / Entitlements:**

6.1 पुनः नियुक्त ड्राइवरों को उनके अंतिम वेतन के 50% की दर से एक निश्चित मासिक पारिश्रमिक देय होगा। इस पर कोई डीए/डीआर लागू नहीं होगा।
A fixed monthly remuneration @ 50% of the Last Pay drawn shall be admissible to the re-engaged drivers. No DA/DR will be applicable thereon.

6.2 सेवा के प्रत्येक पूर्ण माह् के लिए 1.5 दिन का सवेतन अवकाश दिया जाएगा। कैलेंडर वर्ष से अधिक अवकाश संचय की अनुमति नहीं होगी।
Paid leave @1.5 days for each completed month of service will be allowed. Accumulation of leave beyond the calendar year will not be allowed.

6.3 सेवानिवृत्ति के समय प्राप्त परिवहन भत्ते के 50% की दर से परिवहन भत्ते के लिए एक निश्चित राशि देय होगी। इस पर कोई डीए/डीआर स्वीकार्य नहीं होगा।
A fixed amount towards Transport Allowance @ 50% of the Transport Allowance drawn at the time of retirement shall be admissible. No DA/DR will be admissible thereon.

6.4 पुनः नियोजन की अवधि के दौरान कोई वेतन वृद्धि, महंगाई भत्ता और मकान किराया भत्ता देय नहीं होगा।
No Increment, Dearness Allowance and HRA shall be admissible during the term of re-engagement.

6.5 सेवानिवृत्त कार्मिकों को ड्राइवरों रूप में पुनः नियोजित होने पर उनके सेवानिवृत्ति के समय उनकी पात्रता के अनुसार, यदि कोई हो, आधिकारिक दौरे पर यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता दिया जाएगा।
Retired personnel re-engaged as Drivers shall be allowed TA/DA on official tour, if any, as per their entitlement at the time of retirement.

6.6 पुनः नियोजित व्यक्ति पुनः नियोजन की अवधि के दौरान सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ), ग्रेच्युटी आदि में अंशदान करने का हकदार नहीं होगा।
Re-engaged person <u>will not</u> be entitled to contribute to GPF, Gratuity etc. for the period of re-engagement.

7 कार्यस्थल वीईसीसी, कोलकाता होगा।
The place of work will be VECC, Kolkata.

8. सलाहकार को सभी कार्य दिवसों में प्रतिदिन 08 घंटे 30 मिनट तक कार्य करना होगा। सामान्य कार्य दिवसों के अतिरिक्त, यदि उसे शनिवार/रविवार और अन्य अवकाश के दिनों में कार्यालय समय पर उपस्थित होना आवश्यक हो, तो उसे कोई अतिरिक्त पारिश्रमिक नहीं दिया जाएगा और वे ऐसे कार्य करने से इंकार नहीं करेंगे।

The consultant need to perform the duties for 08 hrs. 30 minutes per day on all working days. In addition to the normal working days, if he/she is required to attend the office hours on Saturday Saturday/Sunday and other holidays in exigencies or work, he/she shall not be paid any additional remuneration and such duties in exigencies shall not be refused.

9. पुनःनियोजित कार्मिकों को समय-समय पर उन्हें सौंपे गए कर्तव्यों का अनुपालन करना होगा।
The re-engaged personnel will be required to perform the duties assigned to them, from time to time.

Contd..P/4

10. वीईसीसी बिना कोई कारण बताए किसी भी आवेदनपत्र को अस्वीकार करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है। इस संबंध में किसी भी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
VECC reserves the right to reject any application without assigning any reasons thereof. No representation in this regard will be entertained.

11. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 31.05.2026 है। अपूर्ण और विलंबित आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।
Last date for receipt of applications is 31.05.2026. Incomplete and late applications will not be considered.

12. आवेदन डाक द्वारा/हाथो-हाथ सीलबंद लिफाफे में निम्नलिखित पते पर भेजा जाए:
The application shall be forwarded by post/by hand in sealed cover to:

प्रशासनिक अधिकारी-III
परिवर्ती ऊर्जा साइक्लोट्रॉन केंद्र,
सेक्टर-I, ब्लॉक-AF, विधान नगर, कोलकाता – 700 064
Administrative Officer-III
Variable Energy Cyclotron Centre,
Sector-I, Block-AF, Bidhan Nagar, Kolkata – 700 064

प्रशासनिक अधिकारी-III/Administrative Officer-III

संलग्न/Encl.:
1) अनुलग्नक-I (कार्यक्षेत्र) / Annexure -I (Scope of Work)
2) अनुलग्नक-II (आवेदन का प्रारूप) / Annexure-II (Format of Application)

अनुलग्नक-I
Annexure-I

# कार्यक्षेत्र
# SCOPE OF WORK

1. पुनः –नियोजन में लगाए गए कार्मिकों को लाइट और हैवी दोनों प्रकार के वाहनों पर ड्राइविंग ड्यूटी करनी होगी। उन्हें मोटर ड्राइविंग, मोटर मैकेनिज्म और यातायात नियमों एवं विनयमों आदि का ज्ञान होना चाहिए।
The re-engaged personnel are required to perform driving duties on both Light as well as Heavy Vehicles. They should have knowledge of Motor Driving, Motor Mechanism and Traffic Rules & Regulations etc.

2. वाहन का सामान्य दैनिक रखरखाव। / General day to day maintenance of the vehicle.

3. वाहन के टायर, बैटरी का रखरखाव और स्नेहन।
Tyre, battery maintenance and lubrication of vehicle.

4. एक्सीलरेटर, ब्रेक, क्लच पेडल और फैन बेल्ट का एडजस्टमेंट।
Accelerator, brake, clutch pedal and fan belt adjustment.

5. एयर लॉक और ऑयल ब्लॉक हटाना। / Removal of air lock and oil block.

6. इंजन ट्यून अप, ब्रेक एडजस्टमेंट, व्हील अलाइनमेंट और डैशबोर्ड मीटर का अवलोकन करना।
Engine tune up, break adjustment, wheel alignment and observation of dashboard meters.

7. अंग्रेजी/हिंदी में नियमित फॉर्म/लॉग बुक पढ़ने और भरने की क्षमता।
Ability to read and fill up routine forms/Log Books in English/Hindi.

8. उन्हें वाहनों के छोटे-मोटे मरम्मत कार्यों को करने के लिए सक्षम होना चाहिए।
They should be able to attend minor repair works of the vehicles.

उपरोक्त सूची विस्तृत नहीं है। इसके अतिरिक्त, उनसे रिपोर्टिंग अधिकारी के निर्देशानुसार आवश्यकतानुसार अन्य कार्य भी करने की अपेक्षा की जाती है।
The above list is in-exhaustive. In addition, they are expected to do other works as and when required in exigencies as directed by the Reporting Officer.

अनुलग्नक /Annexure-II

हाल ही में खींचे गए पासपोर्ट आकार का फोटो चिपकाएँ

Paste recent passport size photograph

वीईसीसी, कोलकाता में ड्राइवर पद से सेवानिवृत्त कर्मियों की पुनः-नियोजन हेतु आवेदनपत्र।

Application for re-engagement of Retired Driver Personnel in VECC, Kolkata.

विज्ञापन संख्या/Advertisement No. VECC-01/2026

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | पूरा नाम (स्पष्ट अक्षरों में)<br>Full name (in Block Letters) | | |
| 2. | पिता/पति का नाम<br>Father's/Husband's Name | | |
| 3. | जन्म तिथि<br>Date of Birth | | |
| 4. | सम्पर्क विवरण<br>Contact details | दूरभाष सं./<br>Tel. No. | |
| | | मोबाइल न.<br>Mobile No. | |
| | | ई-मेल आईडी<br>Email ID | |
| 5. | पत्राचार हेतु पता<br>Address for communication | | |
| 6. | सरकारी सेवा में कार्यग्रहण करने की तिथि<br>Date of joining in Government Service | | |
| 7. | उक्त तिथि तक वर्तमान उम्र<br>Age as on date | | |
| 8. | क्या अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग से है?<br>Whether SC/ST/OBC? | | |
| 9. | क्या आप शारीरिक रूप से विकलांग हैं?<br>Whether Physically handicapped? | | |
| 10. | सेवानिवृत्ति की तिथि एवं उस पद का नाम जिससे सेवानिवृत्त हुए (सेवानिवृत्ति आदेश की प्रति संलग्न करें)<br>Date of retirement and the post from which retired (enclose copy of retirement order) | | |
| 11. | उस डिवीजन/यूनिट का नाम जहां से सेवानिवृत्त हुए<br>Name of the Division/Unit from which retired | | |
| 12. | अंतिम आहरित वेतन (पीपीओ प्रति अनिवार्य रूप से संलग्न की जाए)<br>Last pay drawn (PPO Copy is mandatorily to be enclosed) | | |

| | | |
|---|---|---|
| 13. | शिक्षा/तकनीकी योग्यता (कृपया प्रमाण पत्र/अंकपत्र/ड्राइविंग लाइसेंस की प्रति संलग्न करें)<br>Education/ Technical qualification (Please enclose copy of certificate/ Mark Sheet/Driving License) | |
| 14. | पीपीओ संख्या (कृपया प्रति संलग्न करें)<br>PPO No. (Please enclose copy) | |
| 15. | कंप्यूटर ज्ञान का विवरण<br>Details of Computer Knowledge | |
| 16. | पिछले 10 वर्षों के अनुभव का संक्षिप्त विवरण (कार्य-वार) [एक अलग कागज संलग्न किए जाए]<br>Brief particulars of experience of the last 10 years (assignment-wise) [A separate sheet may be annexed] | |
| 17. | क्या कोई विभागीय कार्यवाही या आपराधिक मामला विचाराधीन/लंबित है या कोई एफआईआर दर्ज है, यदि कोई हो, या किसी न्यायालय में कोई मामला दर्ज है। यदि हाँ, तो उसकी प्रति संलग्न करें।<br>Whether any departmental proceedings or criminal cases are contemplated/pending or FIR lodged, if any, or any case is registered in any court of law. If yes, copy of the same may be enclosed. | |
| 18. | एलएमवी और एचएमवी दोनों के लिए वैध ड्राइविंग लाइसेंस की प्रति।<br>(नोट: एलएमवी और एचएमवी दोनों के लिए वैध ड्राइविंग लाइसेंस संलग्न करना अनिवार्य है, अन्यथा आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा)।<br>Copy of Driving License valid for both LMV and HMV.<br>(Note: It is mandatory to enclose the valid driving license for LMV and HMV failing which the application will be rejected). | वाहन की श्रेणी (सीओवी)<br>1. एचएमवी विवरण: मान्य तिथि तक:<br>2. एलएमवी विवरण: मान्य तिथि तक:<br>Category of Vehicle (CoV)<br>1. HMV Details: Valid till:<br>**2.** LMV Details: Valid till: |

Contd..P/3

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि ऊपर दिए गए विवरण मेरी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य और सही हैं। मैं समझता/समझती हूँ और सहमत हूँ कि चयन से पहले या बाद में किसी भी समय कोई भी जानकारी असत्य या गलत/अपूर्ण होने या अयोग्यता पाए जाने की स्थिति में, मेरी उम्मीदवारी अस्वीकार की जा सकती है और मैं परिवर्ती ऊर्जा साइक्लोट्रॉन केन्द्र, कोलकाता के निर्णय से बाध्य रहूँगा/रहूँगी। मैंने यह परिपत्र पढ़ लिया है और सलाहकार (ड्राइवर) की नियोजन हेतु सभी नियम व शर्तें स्वीकार करने के लिए तैयार हूँ।

I hereby declare that the particulars furnished above are true and correct to the best of my knowledge and belief. I understand and agree that in the event of any information being found false OR incorrect/incomplete or ineligibility being detected at any time before or after selection, my candidature is liable to be rejected and I shall be bound by the decision of the Variable Energy Cyclotron Centre, Kolkata. I have read this circular and ready to accept all the terms and conditions for engagement of Consultants (Driver).

स्थान / Place:_______________ हस्ताक्षर /Signature:______________________________

तिथि/Date:_______________ आवेदक का पूरा नाम/
Full name of the applicant:___________________________
(स्पष्ट अक्षरों में / In capital letter)